# कृषि विभाग ने निकाली दो पहिया वाहन तिरंगा यात्रा

**राष्ट्रीय ध्वज फहराकर रैली का शुभारंभ**




**खरगोन।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को कृषि विभाग, उद्यान विभाग, कृषि उपज मण्डी, कृषि आदान विक्रेता संघ खरगोन द्वारा वाहन रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ उप संचालक कृषि एस.एस. राजपूत, मण्डी सचिव सर्मिला निनामा, कृषि आदान विक्रेता संघ अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चावला द्वारा मोटर साइकिल तिरंगा यात्रा की शुरुवात की गई। हर घर तिरंगा अभियान देशभर में 09 से 17 अगस्त 2026 तक चलाया जा रहा है। राष्ट्रभक्ति से जुड़े इस अभियान के तहत नागरिकों को अपने घरों एवं संस्थानों पर तिरंगा फहराने, आधिकारिक पोर्टल पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी पर अपलोड करने तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वाहन रैली अनाज मंडी, बिस्टान रोड खरगोन से प्रारंभ होकर गौर पेट्रोल पम्प, बस स्टेण्ड, नटराज होटल, टी.आई.टी कॉम्पलेक्स, नगर पालिका, श्रीकृष्ण तिराहा से होते हुये अनाज मण्डी पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ।

रैली के दौरान मार्ग भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय जवान-जय किसान के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर उप संचालक कृषि एस.एस. राजपुत, मण्डी सचिव सर्मिला निनामा, कृषि आदान विक्रेता संघ अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चावला, आरएस पटेल, रामशंकर जाट, आर एस बडोले, दीपक मालवीय, गोपाल डावर, रामेश्वर चौहान, पीयूष सोलंकी सहायक संचालक कृषि, गिरधारी भावर वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, राजेंद्र पाटीदार, अतुल शर्मा सहित कृषि विभाग, कृषि उपज मंडी, उद्यान विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एवं कृषि आदान विक्रेता संघ, बीज उत्पादक समिति, एफ पी ओ के सदस्य व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधायक-जनप्रतिनिधियों ने स्कूली छात्रों को बांटे राष्ट्र ध्वज



**सनावद।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या शाला में शुक्रवार को विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं को राष्ट ध्वज का वितरण किया।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सचिन बिरला ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से भारत गुलामी की जंजीरों से मुक्त हुआ है।आज हम सब अपने देश को सशक्त, समृद्ध और समर्थ बनाने का संकल्प लेते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। विधायक ने छात्राओं और शिक्षकों की मांग पर स्कूल में टीन शेड बनाने की घोषणा की और आश्वस्त किया कि एक माह में टीन शेड बना दिया जाएगा। भाजपा नेता जितेंद्र सुराणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में बिल पारित कर भारतवासियों को अपने घरों,परिसरों और प्रतिष्ठानों में राष्ट्र ध्वज फहराने का अधिकार प्रदान किया है। भाजपा नेता श्याम माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। विधायक और जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं से अपने घरों में राष्ट्र ध्वज फहराने का आव्हान किया। इस दौरान प्राचार्य दुर्गाराम मुछाला, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल,मानसिंह राठौर, दिलीप पटेल, नरेंद्र शर्मा,प्रभात पंडित, मनोज जैन, अमिता मंत्री,प्रभात पंडित, राकेश गेहलोत, मोहित यादव, अनिल अजमेरा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बच्चों ने की घर-घर तिरंगा फहराने की अपील



**बिस्टान।** कुकड़ोल हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारत माता की जय, वंदे मातरम, घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा के नारों के साथ दौड़ लगाई। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों ने लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया. इसके साथ ही राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने का संदेश भी दिया।

### नीली-खाली में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**झिरन्या।** ग्राम नीली-खाली को तिरंगे झंडों से सजाया गया, क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान मंडल मंत्री राकेश राठौर, सुभाष नर्सिंग, मुकेश, अनार पटेल, जय राम, पप्पू, सरपंच रेवाराम ,सहित विशन भाई एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल नजर आया। आयोजकों ने लोगों से राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

### कावड़ यात्रा निकालकर किया अभिषेक

**बिस्टान।** शुक्रवार नगर के बीच मंदिर चौक स्थित डेरेश्वर महादेव मंदिर मैं पुजा अर्चना कर कांवड़ मैं जल भर कर ननेश्वर महादेव मंदिर तक पैदल कावड़ यात्रा निकाली इसमें महिलाएं , बच्चे, युवा ,शामिल हुए । यात्रा में बड़ी संख्या मैं महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । भगवान महादेव के जयकारों के साथ निकली यात्रा ने नगर का वातावरण भक्तिमय कर दिया । प्रति वर्ष आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा ओर उत्साह के साथ निकाली गई । यात्रा के दौरान जगह ,जगह रास्ते में श्रद्धालुओ पर पुष्प वर्षा कर सल्लपाहार करवाकर सुवागत किया गया। कावड़िए ननेश्वर धाम पहुंचे जहां भगवान शिव का जलाभिषेक पूजन महाआरती हुई । दर्शन कर सुख, समृद्धि, और खुशहाली की कामना की गई । अंत मे श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की ।

### दिव्यांग बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बड़वाह।** शासन के निर्देशानुसार मां ओम नर्मदा मूक बधिर एवं दृष्टि बाधित निशुलक आवशीय विद्यालय सुराणा नगर बड़वाह में सामाजिक न्याय विभाग के नोडल अधिकारी कमलेश बिरला जी एव बीआरसी कार्यालय से एमआरसी आलोक चंद्रवंशी जी की उपस्थिति में उपस्थित 70 बच्चों के साथ विद्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे विद्यालय संचालक संजय कदम प्राचार्य पराग कदम, विजय, अर्पिता कामले, योगिता राठौड़,पारुल, उर्मिला गाडगे, इंदिरा जोशी, मोहिनी करोल, रानू कडोले, दीपमाला, सरदार मेहता आदि स्टाप उपस्थित था।

### मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**खरगोन।** देश की आजादी का 80 वां स्वतंत्रता दिवस समूचे जिले में हर्षोल्लास और उत्साह-उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह डीआरपी लाईन मैदान पर होगा, जहां 9 बजे बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर गुरु प्रसाद ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण कर सलामी लेंगे।

# पौधों को संतान के समान करें संरक्षण : डॉ. सुनीता गुप्ता

**नवांकुर सखियों को किए पौधे वितरित, निकली भव्य हरियाली यात्रा**



**कसरावद।** प्रकृति हमारी मां के समान है और पेड़-पौधे, नदी-तालाब प्रकृति की संतान हैं। वर्तमान समय में पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ी का जीवन मुश्किल हो जाएगा। इसलिए पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए पौधारोपण कर उनकी संतान की तरह देखभाल करना आवश्यक है। यह बात मप्र जन अभियान परिषद की टास्क मैनेजर डॉ. सुनीता गुप्ता ने नगर की कुशवाह धर्मशाला में आयोजित नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने महिलाओं को जन अभियान परिषद की नई योजना की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण करना हमारा दायित्व है। हम पौधे लगाएं और उन्हें बड़ा करें। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर ने कहा कि पर्यावरण बचाने का उपाय पौधारोपण है। पौधे लगाने के साथ उनकी जिम्मेदारी भी लें। पार्षद रेखा हेमंत सोनी ने कहा कि नवांकुर सखी द्वारा महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हम सभी पौधारोपण व उनका संरक्षण करेंगी। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक अमित शाह भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला समन्वयक विजय शर्मा ने रखी। अतिथियों द्वारा महिलाओं को 350 फलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए। पौधा वितरण के बाद ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर पौधारोपण भी किया।

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

**खरगोन ।** जिले में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, आरसीएमएस नामांतरण-बंटवारा, अभिलेख दुरुस्तीकरण, धारणाधिकार, सीएम हेल्पलाइन, अतिक्रमण, पीएम किसान ई-केवाईसी, सस्पेक्टेड प्रकरण एवं डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की समीक्षा की गई। फार्मर रजिस्ट्री में आ रही तकनीकी समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। अतिवर्षा एवं बाढ़ की संभावना को देखते हुए एसडीएम एवं तहसीलदारों को अधीनस्थ अमले की नामजद ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए।

# भारत माता के जयघोष से गूंजा सनावद



**विशाल तिरंगा यात्रा वाहन रैली का आयोजन**

**सनावद।** भाजपा नगर मंडल और भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा विशाल तिरंगा वाहन रैली निकाली गई ।रैली बस स्टैंड से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों गुजरी। रैली में शामिल विधायक सचिन बिरला और बड़ी संख्या में युवा हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और स्वतंत्रता दिवस अमर रहे का जयघोष करते हुए चल रहे थे। नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया ।रैली में विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल,पूर्व नपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, तिरंगा यात्रा प्रभारी दिलीप पटेल, नगर प्रभारी केतन गेहलोत, सहप्रभारी मोहित यादव,मनोज जैन, पूर्व सैनिक सरोज इंगला सहित बड़ी संख्या में युवा रैली में उपस्थित थे।

# ट्राली पलटने से एक की मौत, एक घायल



**बिस्टान।** लोहे के सरिए भरकर भगवानपुरा जा रही ट्रैक्टर ट्राली गुरुवार दोपहर कृषि उपजमंडी के अनकवाड़ी के सामने अचानक असंतुलित होकर पलट गई । ट्राली में भरे सरियों के ऊपर बैठे दो युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे इसी दौरान भारी सरिये उनके ऊपर आ गिरे हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई । जबकि दूसरा घायल हो गया । पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली एमपी 10 एबी 34 49 लोहे के सरिया भरकर भगवानपुरा की ओर जा रही थी । कृषि उपमंडी के सामने ट्राली अचानक पलट गई। हादसे में ट्राली पर बैठे मनोज और एक अन्य युवक सड़क पर गिर गए। और सरियों का भारी बोझ उनके ऊपर आ गया । दुर्घटना में मनोज संतोष बागदरे बन्नेहर की मौके पर ही मौत हो गई । वहीं दूसरे युवक के पैर में चोट आई है।

# मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**गोगावा।** मांगलिक भवन में जनपद पंचायत गोगावा द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर में राज्य सरकार की मंशा अनुसार जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी बांटे गए। शिविर में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक बालकृष्ण पाटीदार और जिला कलेक्टर गुरुप्रसाद का जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे ने राष्ट्रीय ध्वज सोपकर कार्यक्रम में पदार्पण कराया सर्वप्रथम अतिथियो ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। शिविर में समस्त विभागों के स्टाल लगाए गए थे जिसमें अपनी समस्याओं को बताने के लिए करीब पांच सो लोगो ने पंजीयन कराए गए थे।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति जावरा जिला रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक / मण्डी / स्टोर / 2026-27 / 1133 जावरा दिनांक 11.08.2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व सम्बंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति जावरा के नवीन मण्डी प्रांगण अरनियापीथा में कृषि उपज विक्रय, नीलाम, तौल एवं कृषकों के द्वारा समेटने के उपरांत शेष बिखरी उपज एवं ठेलागाड़ी से ले जाते समय बिखरी उपज को समेटने के कार्य के ठेके हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत दो वर्ष के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । सिस्टम निविदा क्रमांक 2026_MPSAM_526624_1के अन्तर्गत लम-सम आधार पर ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 17.08.2026 से दिनांक 07.09.2026 को समय सायं 5.30 बजे तक एवं भौतिक रूप से दिनांक 15.09.2026 को समय सायं 5.30 बजे सक जरिये स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से ( वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन की ई - निविदा के पोर्टल https://mptenders. gov.in/nicgep/app पर प्राप्त होगी । एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल https://www. mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। इनका पृथक से विज्ञापन प्रकाशित नही किया जावेगा ।

**आर. वसुनिया**
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति जावरा

**श्रीमती रचना शर्मा**
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति जावरा

## कार्यालय नगर परिषद, भानपुरा जिला-मन्दसौर (म.प्र.)

/ न.प. / 26 भानपुरा, दिनांक -

स्वच्छ भानपुरा स्वस्थ भानपुरा सुन्दर मानपुरा

**15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर नगर के सभी नागरिको का शुभकामना एवं बधाई ।**

**अपील**

1- वृक्षारोपण कर नगर को स्वच्छ एवं साफ बनाये ।
2- स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 हेतु नगर की सफाई एवं सोन्दर्यीकरण हेतु नगर परिषद का पूर्ण सहयोग करे घरो का गिला कचरा हरे डस्टबीन में एवं सुखा कचरा नीले डस्टबीन में एकत्रित कर निकाय की कचरा गाड़ी आने पर उसमें बने हुवे हरे -नीले भाग में डाले ।
3- जल ही जीवन है-जल की बूँद-बूँद बचावें ।
4- नगर परिषद के कर समय-समय पर अदा करें एवं अच्छे नागरिक बनने का परिचय देवे ।
5- जन्म मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन अवश्य करावें ।
6- मतदान अवश्यक करें
7- बेटी बचाओं बेटी पढाओं ।

**विनोद शर्मा** नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद भानपुरा
**श्रीमति रेहाना डां. जाकीर हुसैन** उपाध्यक्ष नगर परिषद भानपुरा
**विनोद (शिव) भानपिया** अध्यक्ष नगर परिषद भानपुरा

## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

क्रमांक /114/ HEALTH / 2026 देवास दिनांक 11/08/2026

**/ / षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना / /**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_528863_1 11/08/2026 | देवास निगम सीमा क्षेत्र के आवारा श्वानों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए एक वर्ष के लिये गैर सरकारी संगठनों / पशु कल्याण संगठनो जो कि एनिमल वेलफेयर बार्ड ऑफ इण्डिया से पंजीबद्ध हो हेतु षष्ठम ऑनलाईन निविदा प्रपत्र। | 12 माह 50,00,000/- | 10,000/- 1,50,000/- | 01/09/2026 06.00 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम देवास

## कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

विज्ञप्ति क्र./शि.वि/2026 / 1355 (Online) निविदा विज्ञप्ति उज्जैन दिनांक :- 11/08/2026

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी. गर्वमेंट व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल UADD ISSR SOR 02-08-2021 के आधार पर सिरियल क्र. 1 एवं 2 का टेण्डर फार्म मूल्य 2000 /- रहेगा एवं सिरियल क्र. 3 से 5 का टेण्डर फार्म मूल्य 5000 /- रहेगा।

सिरियल क्र. 1 से 2 की आनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 25.08.2028 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 25.08.2026 समय 17:30 रहेगी एवं उक्त निविदाऐं। दिनांक 27.08.2026 को खोली जावेगी।

सिरियल क्र. 3 से 5 की आनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 09.09.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई. एम. डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 09.09.2026 समय 17:30 रहेगी एवं उक्त निविदाऐं दिनांक 11.09.2026 को खोली जावेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्टमनी रु. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_528543_1 | झोन क्र.01 अंतर्गत वार्ड क्र. 13 में चक्रतीर्थ श्मशान का संधारण कार्य | 450980/- | 4510/- | 60 दिन |
| 2 | 2026_UAD_528552_1 | झोन क्र. 01 अंतर्गत वार्ड क्र. 10,11,12,13,15 में वार्षिक संधारण कार्य | 871347/- | 8715/- | 180 दिन |
| 3 | 2026_UAD_528567_1 | वार्ड क्र. 10 अंतर्गत तिलकेश्वर सभामण्डप का निर्माण कार्य | 2116705/- | 15880/- | 60 दिन |
| 4 | 2026_UAD_528629_1 | वार्ड क्र. 10 अंतर्गत केसरिया भैरू चौराहे से तिलकेश्वर रिंग रोड तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य | 2116705/- | 15880/- | 60 दिन |
| 5 | 2026_UAD_528651_1 | वार्ड क्र. 10 अंतर्गत श्री क्षेत्र वाल्मिकी धाम, उज्जैन पर आवश्यक कार्य कराये जाने बाबत् | 2116705/- | 15880/- | 60 दिन |

कार्यपालन यंत्री (झोन क्र. 1)
नगर पालिक निगम उज्जैन


# टेमला में तिरंगा रैली का आयोजन

खरगोन। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय टेमला में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य श्री अशोक सिंह पवार के मार्गदर्शन एवं उपप्राचार्य बी.आर. पाटीदार के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वाहन रैली से हुई।इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संतोष जायसवाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर ग्राम में भ्रमण किया ।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् अलीराजपुर जिला आलीराजपुर (म.प्र.)

Telephone (O) 07394-233516, Fax 07354-234516 E-mail :- cmoalirajpur@mpurban.gov.in

क्र. / निर्माण शा. / 2026 / 2183 आलीराजपुर, दिनांक 14/08/2026

**/ / ई - निविदा विज्ञप्ति / /**

**/ / प्रथम आमंत्रण / /**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्र | ऑन लाईन निविदा क्र. | विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य पूर्णता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_529620_1 | वार्ड क्र. 01 जिला चिकित्सालय के सामने सौंदर्यीकरण कार्य । | 4268206.49 | 32000 | 5000 | 02 माह |

निविदा की अंतिम तिथि 15.09.2026 समय सायं 05:30 बजे तक हैं। निविदा विज्ञप्ति में किसी प्रकार का संशोधन होने पर ऑन लाईन www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किया जावेगा, न की समाचार पत्र में ।

(श्रीमती सेना महेश पटेल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् आलीराजपुर

(निशिकांत शुक्ला)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् आलीराजपुर